(8)

# कृषि विज्ञान केन्द्र, मानपुर, गया
## (बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर)

ई0 मनोज कुमार राय, वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान
मोबाईल सं०: 9122386485
Website: www. gaya.kvk4.in
E-mail Id: kvkmanpurgaya@gmail.com

## वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 15वीं बैठक की कार्यवाही

कृषि विज्ञान केन्द्र, मानपुर, गया के वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 15वीं बैठक दिनांक 24.08.2023 को कृषि विज्ञान केन्द्र, गया के सभागार में 11.00 बजे पूर्वाह्न में आयोजित की गयी। इस बैठक की अध्यक्षता डा0 आर0 के0 सोहाने, निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर, भागलपुर द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त जिला के संवद्ध विभिन्न विभागें से जिला कृषि पदाधिकारी, गया–सह–परियोजना निदेशक, आत्मा, गया/सहायक निदेशक (पौधा संरक्षण), गया/जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड, गया/जिला पशुपालन पदाधिकारी, गया/जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका, गया/जिला मत्स्य पदाधिकारी, गया एवं अन्य पदाधिकारीगण; एन .जी. ओ. के प्रतिनिधिगण तथा सम्मानित किसान प्रतिनिधि के साथ –साथ केन्द्र के वैज्ञानिकों, विषय वस्तु विशेषज्ञों एवं कर्मचारीगण उपस्थित हुए।

**उपस्थितिः** पंजी अनुसार

केन्द्र के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान ई0 मनोज कुमार राय द्वारा सभी पदाधिकारीगण/प्रगतिशील कृषकों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात् उन्होंने विगत बैठक (14वीं) की कार्यवाही में दिए गए सुझावों के क्रियान्वनयन पर की गयी कार्रवाई से सदन को अवगत कराया गया एवं अगस्त 2022 से जुलाई 2023 तक के प्रगति प्रतिवेदन तथा आगामी प्रस्तावित कार्य योजना 2023–24 का प्रस्तुतीकरण माननीय सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बैठक के दौरान माननीय सदस्यों के विचारोपरांत महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए एवं कार्यवाही में इसका वर्णन निम्नांकित किया गया है –

| क्र0 सं0 | अध्यक्ष एवं सदस्यों के सुझाव |
|---|---|
| 1. | कृषि विज्ञान केन्द्र, मानपुर, गया के तीन महिने का प्रशिक्षण कैलेण्डर बनाकर सभी सदस्यों को ईमेल से भेजा जाय जिसमें प्रेषित करने की तिथि को अंकित किया जाय। (अनु0–वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान) |
| 2. | SCSP परियोजना अंतर्गत वितरित किए गए सिलाई मशीन का उपयोग एवं उनसे संवद्ध आय का आकलन किया जाय। (अनु0–नोडल पदाधिकारी -SCSP) |
| 3. | केन्द्र पर प्राकृतिक खेती प्रत्यक्षण में Nutrients, Organic Carbon, Soil microbes आदि पर प्रभाव का आकलन दिया जाय। (अनु0–नोडल पदाधिकारी -प्राकृतिक खेती) |
| 4. | मोटे अनाज के तहत किसानों को इसके प्रसंस्करण का प्रशिक्षण एवं इसे प्रदर्शन कराया जाय एवं बाजार की जानकारी उपलब्ध कराया जाय। SCSP परियोजना अंतर्गत Capital मद से एक प्रसंस्करण मशीन की खरीददारी किया जा सकता है। (अनु0–वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान/नोडल पदाधिकारी -SCSP) |
| 5. | DAMU अंतर्गत जो Message प्रेषित की जाती है उसे सभी Line Dept. के साथ–साथ जीविका एवं नाबार्ड से संवद्ध FPO को भेजा जाय। (अनु0–विषय वस्तु विशेषज्ञ (एग्रोमेट)) |

| | |
|---|---|
| 6. | प्रसार कार्यकत्ताओं तथा जीविका द्वारा संचालित CHC से जुड़े युवाओं को बुआई करने वाले मशीन के लिए कैलिब्रेशन करने का प्रशिक्षण दिया जाय। (अनु0–वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान) |
| 7. | RPL प्रशिक्षण अंतर्गत प्रसार सेवा प्रदाता (Extension Service Provider) के प्रशिक्षण में जीविका के VRP को प्रशिक्षित कराया जाय। (अनु0–ToT एवं डा0 वेद प्रकाश) |
| 8. | Proceedings की प्रति सभी माननीय सदस्यों को भेजा जाय एवं उसका पत्र सं. एवं दिनांक को अंकित किया जाय। (अनु0–वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान) |
| 9. | वैज्ञानिक सलाहकार समिति (SAC) की अगली बैठक में आमंत्रित माननीय सदस्यों को आमंत्रण पत्र के साथ विगत बैठक क ATR की प्रति प्रेषित किया जाय। (अनु0–वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान) |
| 10 | केन्द्र पर मशरुम प्रत्यक्षण इकाई की स्थापना हेतु एक प्रस्ताव निदेशक प्रसार शिक्षा, बि0कृ0वि0, सबौर को भेजी जाय। (अनु0–विषय वस्तु विशेषज्ञ (प्रसार शिक्षा)) |
| 11 | कृषि विज्ञान केन्द्र, मानपुर में 10 Demonstration Unit विकसित किया जाय।(अनु0–वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान) |
| 12 | बिहार कौशल विकास मिशन अंतर्गत आयोजित प्रशिक्षण में Bankers/Line Dept. के अधिकारी/उद्यमी किसान को Expert के रूप में प्रशिक्षण देने हेतु शामिल किया जाय जिससे Convergence स्थापित हो सके। (अनु0–ToT एवं डा0 वेद प्रकाश) |
| 13 | 1–2 पन्ने में बुलेट फॉर्म में Technical pamphlets को तैयार किया जाय। (अनु0–सभी विषय वस्तु विशेषज्ञ) |
| 14 | जिला मत्स्य पदाधिकारी के सहयोग से मत्स्य पालन विषय पर प्रशिक्षण आयोजित किया जाय। (अनु0–विषय वस्तु विशेषज्ञ (पशु विज्ञान)) |
| 15 | पिछले दो वर्षों से कम वर्षापात के कारण खरीफ के धान के कम आच्छादन वाले प्रखण्डों को चिन्हित कर वैज्ञानिकों/पदाधिकारियों एवं प्रगतिशील कृषकों का एक कार्यशाला आयोजित किया जाय जिसमें खरीफ में बेहतर वैकल्पिक फसल योजना बन पाये। (अनु0–परियोजना निदेशक, आत्मा, गया) |

अन्त में माननीय अतिथियों/सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया, तत्पश्चात् धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त हुई।

25.08.23

**वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान**
**कृषि विज्ञान केन्द्र, मानपुर, गया**

ज्ञापांकः 196/कृ. वि. के., मानपुर, गया      **दिनांकः**25/08/2023

**प्रतिलिपिः** सभी गणमान्य सदस्यों (कृषि विभागीय पदाधिकारियों एवं प्रगतिशील किसानों) को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपिः** क्षेत्रीय निदेशक, कृषि अनुसंधान संस्थान, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपिः** निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर भागलपुर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपिः** निदेशक, अटारी, जोन–IV, पटना, बिहार को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

25.08.23

**वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान**
**कृषि विज्ञान केन्द्र, मानपुर, गया**